


## एक नजर

### तिलहर विधायक ने लिखा सीएम को पत्र

**तिलहर।** विधायक सलोना कुशवाहा ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में भयंकर बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों को भोजन, दवाएं, आवागमन के लिए स्टीमर, नाव और पशुओं को चारा आदि की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश प्रशासन को देने की मांग की है। उन्होंने कहा है क्षेत्र के ग्राम चिती भोजी, अजमाबाद, बिहारीपुर, जिकरीपुर, मोहनापुर, धमनपुर गौटिया, त्रिलोकपुर, प्रहलादपुर, कबीर चक, चौढेरा चौढेरी, बथुईअक्का, पकड़िया, चकुलिया, बरूआर, बदामुहब्बतपुर, रानी खिरिया, ढकिया रघा, धमनपुर, मरक्का गौटिया, चमरूआ, बरौरा, सकतिया, विक्रमपुर चकौरा, भर्री बसन्तपुर, सहजादपुर,बंडिया, मुड़िया, तिदुलिया, ऊन व तालगांव आदि ग्रामों में 10 जुलाई की रात में आई भयंकर बाढ़ के कारण स्थिति अत्यंत खराब है।

### बरेली के लिए बसों का संचालन शुरू

**शाहजहांपुर।** एआरएम आरएस पांडे ने बताया कि जलालाबाद तथा बरेली रोड पर बाढ़ का पानी भर जाने से रोडवेज बसों का संचालन बंद कर दिया गया था। शनिवार को दोनों मार्गों पर पानी हट जाने से बरेली और जलालाबाद मार्ग पर बसों का संचालन शुरू हो गया है। पलिया के लिए बसों का संचालन अभी शुरू नहीं हुआ है।

# भावलखेड़ा सीएचसी पर खोली गई ओपीडी

## जिगनेरा के मेडिकल कॉलेज प्रशिक्षण केंद्र में पानी होने के कारण ओपीडी नहीं हुई चालू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में करीब डेढ़ फुट बाढ़ का पानी कम हो गया है। जिगनेरा के मेडिकल कॉलेज प्रशिक्षण केंद्र में पानी होने के कारण ओपीडी नहीं चालू हुई। अब ओपीडी भावलखेड़ा सीएचसी पर खोल दी गयी। यहां पर मरीज देखे जा रहे और भर्ती किए जा रहे है।

शहर में मोहल्ला अजीजगंज में स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में बाढ़ का पानी भर गया था। जिसके चलते वहां भर्ती मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया था। डॉक्टर व स्टाफ सरकारी आवास खाली कर दूसरी जगह शिफ्ट हो गए थे। शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज परिसर में पांच फुट बाढ़ का पानी भरा था। शनिवार को करीब डेढ़ फुट पानी कम हो गया है। अभी तक अस्पताल गेट के बाहर सड़क पर पानी चल रहा था, लेकिन आज सड़क से नीचे पानी उतर गया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने जिगनेरा में मेडिकल कॉलेज प्रशिक्षण केंद्र पर ओपीडी तथा मरीजों को भर्ती करने की योजना बनाई थी। लेकिन यहां आस-पास में सड़क आदि स्थानों बाढ़ का पानी भरा हुआ है इसलिए अब भावलखेड़ा सीएचसी पर ओपीडी खोलकर खोल दी गई है। यहां पर डॉक्टरों ने मरीजों को देखा तथा कुछ मरीजों को भर्ती किया गया।



शाहजहांपुर के मेडिकल कॉलेज में घट रहा पानी। ● अमृत विचार

- अब भावलखेड़ा सीएचसी पर देखे जा रहे मरीज, गंभीर मरीजों को किया जा रहा भर्ती
- मेडिकल कालेज में डेढ़ फिट पानी घटा, राहत मिलने की बढ़ी उम्मीद

> मेडिकल कॉलेज में बाढ़ का कुछ पानी घटा और भावलखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीज देखे जा रहे और भर्ती किए जा रहे है।
> – डॉ. नेपाल सिंह, सीएमएस

### मरीजों का निःशुल्क इलाज कर रहा अस्पताल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बाढ़ की आपदा के बीच जिला अस्पताल में भर्ती नौ मरीजों को वहां से निकालकर शहर के मोहल्ला अजीजगंज में स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। कृष्णा हॉस्पिटल के डायरेक्टर अनिल रस्तोगी ने बताया कि जिला प्रशासन और आईएमए के निर्देशन में उनके अस्पताल में भर्ती नौ मरीजों को मुफ्त में इलाज किया जा रहा है। साथ ही उनके लिए भोजन आदि की व्यवस्था की जा रही है।



### बाढ़ ने बढ़ा दी आफत

**खुटार, अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में जलभराव के कारण सीएचसी में आने वाले गंभीर मरीजों व घायलों को लखीमपुर खीरी और पीलीभीत के अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। जिस कारण परिजनों के साथ ही तीमारदारों को तमाम झंझटों से गुजरना पड़ रहा है। कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद शहर के अधिकांश मोहल्ले जलमग्न हो गए हैं। जिला अस्पताल में भी पानी भर गया है। स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल से मरीजों को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया था। जिससे सभी परेशान हैं। खुटार में मार्ग दुर्घटना में होने वाले हादसों में 108 सेवा एंबुलेंस से घायलों को खुटार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। डॉक्टर गंभीर घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर देते हैं। लेकिन जलभराव के चलते परिजनों को घायलों को पीलीभीत और लखीमपुर खीरी के अस्पताल ले जाना पड़ रहा है। जिससे काफी दूरी तय करनी होती है। कुछ निजी अस्पतालों में भी भर्ती करा रहे हैं लेकिन इससे रुपये अधिक खर्च हो रहे हैं। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉक्टर संजीव कुमार बताया कि जिला अस्पताल में जलभराव के चलते गंभीर मरीजों व घायलों को पीलीभीत, लखीमपुर के अस्पतालों में भर्ती की व्यवस्था की गई है। मामूली चोटिल व साधारण मरीजों को पुवायां अस्पताल में भर्ती किया जा रहा है।

# डाउन तथा अप लाइन की त्रिवेणी एक्सप्रेस निरस्त रही


रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पुलिया पर काशन देकर निकाली गई ट्रेनें, विलंब से पहुंची ट्रेनें

**अमृत विचार :** बाढ़ के पानी को लेकर डाउन तथा अप लाइन की त्रिवेणी एक्सप्रेस निरस्त रही। इधर गर्रा पुल के निकट पुलिया पर तीस किमी प्रतिघंटा की स्पीड से ट्रेनों को काशन देकर निकाला जा रहा है। इधर खन्नौत पुल पर पानी कम हो जाने से काशन हटा दिया गया है।


गर्रा पुल के निकट पुलिया संख्या 975 पर रेल पटरी के नीचे काफी तेज बाढ़ के पानी का बहाव था इसलिए डाउन तथा अप लाइन की ट्रेनें दस किमी प्रति घंटा की स्पीड से काशन देकर निकाली जा रही थी। शनिवार को दस किमी का काशन हटाकर 30 किमी प्रति घंटा की स्पीड से ट्रेनों को काशन देकर निकाला गया। खन्नौत पुल पर पानी कम हो जाने से काशन हटा दिया गया है। डाउन तथा अप लाइन की त्रिवेणी एक्सप्रेस को रविवार तक के लिए रद कर दिया गया है। शनिवार की सुबह डाउन लाइन की बेगमपुरा एक्सप्रेस, शहीद एक्सप्रेस, पंजाब मेल, चंडीगढ़ एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, गंगा सतजल एक्सप्रेस दो-दो घंटे विलंब से आई है। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा।

# भरभराकर ढही दीवारें, टीनशेड गिरने से महिला घायल

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** गांव महुआ पिमई में शनिवार दिन में करीब 12 बजे बारिश से मकान की दीवारें ढह गई और भरभराकर टीन शेड गिर गया। घर में चारपाई पर लेटी महिला के ऊपर टीन गिरने से वह घायल हो गई। परिजनों ने घायल को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी है। उधर, लेखपाल ने जांच की है। पीड़ित ने मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

क्षेत्र के गांव महुआ पिमई निवासी सत्यपाल के घर की दीवारें मिट्टी-गारा से जुड़ी हुई थी और टीन शेड डाल रखा था। जो काफी पुराना हो गया था। जिसमें वह अपने परिवार के साथ गुजर बसर करती है। शनिवार को वह पत्नी पिंकी देवी के साथ पुत्री महिमा(1), मोहिनी(3) की दवाई लेने खुटार निजी अस्पताल आया था। मां रामप्यारी घर में अकेली थी। शनिवार दिन में 12 बजे अचानक टीन शेड गिर गया और वह चपेट में आने से घायल हो गईं। पड़ोस के रहने वाले दौड़ कर पहुंचे और टीन के तख्त के नीचे दबी रामप्यारी को निकाला। इसके बाद सत्यपाल को सूचना दी। परिजनों ने घायल को खुटार के सरकारी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी। हादसे के बाद लेखपाल प्रवेश कुमार गांव पहुंचे और पीड़ित से जानकारी जुटाई। पीड़ित सत्यपाल ने आवास दिलाने और नुकसान के मुआवजा की मांग की है।


महुआ में गिरा टीन शेड। ● अमृत विचार


घायल रामप्यारी।

- खुटार के महुआ पिमई में शनिवार दिन में 12 बजे हुआ हादसा
- परिजनों ने घायल को अस्पताल में कराया भर्ती, लेखपाल ने की जांच

### हैरतः मिट्टी-गारा से बना मकान अपात्र की श्रेणी में

पुत्र सत्यपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनकी मां रामप्यारी का नाम भी आ गया था लेकिन सर्वे करने गए अधिकारियों ने उन्हें अपात्र कर दिया था।

# जिले के डॉक्टर बाढ़ में फंसे, फरीदपुर से एनेस्थेटिस्ट बुलाकर कराया प्रसव

**तिलहर।** सीएचसी पर प्रसव के लिए आई महिला का ऑपरेशन करने के लिए जिला मुख्यालय के एनेस्थेटिस्ट डॉक्टर के बाढ़ क्षेत्र में फंसे होने के चलते सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने बरेली के सीएमओ से वार्ता कर फरीदपुर की एनेस्थीसिया डॉ. अर्चना अग्रवाल को बुलाया। वहीं सर्जन डॉ. यासीन ने गर्भवती का सीजर कर सुरक्षित प्रसव कराया। शनिवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव शिवदासपुर की महिला रोली पत्नी सचिन कुमार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन महिला को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चूंकि जिला अस्पताल के एनेस्थीसिया डॉक्टर बाढ़ क्षेत्र में फंसे होने के कारण महिला का सीजर प्रसव हो पाना संभव नहीं था। चिकित्साधीक्षक डॉ. करन सिंह ने समस्या से सीएमओ को अवगत कराया। इसके बाद सीएमओ ने बरेली के सीएमओ से वार्ता कर फरीदपुर से एनेस्थीसिया डॉक्टर को बुलवाया। डॉ. करन सिंह ने बताया कि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। ऑपरेशन टीम में डॉ. करन सिंह, सर्जन डॉ. यासीन, स्टाफ नर्स उपासना, वर्षा राठौर, मोनिका गौतम, मीनू का विशेष सहयोग रहा।


प्रसव के बाद जच्चा–बच्चा के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार













### वायरल वीडियो पर प्राचार्य बोले- पैर में चोट थी इसलिए स्ट्रेचर से निकाला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उनको मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी स्ट्रेचर पर अस्पताल के बाहर ले जा रहे है। इस वीडियो की वास्तविकता जाने बगैर अलग–अलग सोशल मीडिया पर प्लेटफार्म पर प्रसारित किया जा रहा है। क्योंकि अस्पताल में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। अस्पताल की बिजली काट दी गई थी। यहां इलाज हो पाना संभव नहीं था। डीएम के निर्देश के बाद सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकलवाना पड़ा था। मरीज को बाहर निकलवाते समय गिर जाने से उनके पैर में चोट लग गयी थी क्योंकि वह डायबिटीज के मरीज है। गंदे पानी से चोट में इंफेक्शन का खतरा था इसलिए कर्मचारियों ने स्ट्रेचर से सुरक्षित निकालने की बात कही। पानी भरा होने के कारण एंबुलेंस अंदर नहीं आ पा रही थी। इस वीडियो को गलत ढंग से पेश किया गया है। प्रशासनिक व्यवस्थाओं को बेहतर से बेहतर ढंग से चलाना उनका दायित्व है।

### 11 लोगों का चालान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी सीपी शुक्ला ने बताया कि हरदोई बाईपास चौराहे पर कुछ युवक आने–जाने वाले लोगों से अभद्रता कर रहे थे। शिकायत मिलने पर उनको पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त तिलहर थाना क्षेत्र के गांव गुलामखेड़ा निवासी कुलदीप, अनुज, आशीष और थाना कांट के गांव लालपुर निवासी रामू, कुलदीप, सरोज, विकास, आकाश, संजय, ब्रजेश, अजय, सुमित, गोपाल का चालान कर दिया गया है।

# सहकारिता मंत्री राठौर ने बाढ़ पीड़ितों की सुनीं समस्याएं


बाढ़ पीड़ितों को टॉर्च और भोजन के पैकेट बांटते सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने शनिवार को जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से मिलकर न सिर्फ उनकी समस्याएं सुनीं, बल्कि हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। उन्होंने राज्य भंडार निगम के जमौर स्थित तीनों गोदामों का निरीक्षण भी किया और खाद्यान्न को सुरक्षित करने के दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को टॉर्च और भोजन के पैकेट भी बांटे। उन्होंने दलेलापुर, पिपरोली, परासिन, पिंगरी-पिंगरा, कोहनी, सुनौरा आदि का दौरा किया। इस दौरान ददरौल विधायक अरविंद सिंह, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र सिंह, एआर अखिलेश, जीएम डीसीबी सौरभ द्विवेदी, आनंद श्रीवास्तव, सुमित भदौरिया, अभय, नितेश आदि मौजूद रहे।

### ददरौल विधायक ने गांवों में बंटवाया भोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का भ्रमण कर राहत सामग्री का वितरण कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर क्षेत्र में राहत कार्य तेज कराकर बाढ़ पीड़ितों की मदद कराने का आग्रह किया है। विधायक अरविंद सिंह ने क्षेत्र में भोजन के पैकेट भी वितरित कराए। उन्होंने धन्यौरा, बखत्यारपुर, पिंगरी पिंगरा, गोबरसण्डा, शाहबेगपुर, उमरगंज, ऊधौपारा, रुद्रपुर, कारीमकुआपुर, शाहबाजपुर, बिजलापुर, उटहा, मियांपुर गौटिया, गुल्डा नौगवां, राईखेड़ा आदि गांवों का भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनीं।



### सांसद ने अजीजगंज में पीड़ितों को बांटी सामग्री

**शाहजहांपुर।** सांसद अरुण कुमार सागर ने शनिवार को भी बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना। उन्होंने मोड के पास मोहल्ला अजीजगंज, नवादा इंदेपुर, आवास–विकास, जिला अस्पताल के पास बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री व भोजन वितरित किया। इस दौरान सभी पीड़ितों से बात कर उनकी समस्याओं को जाना। सांसद ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द पीड़ितों तक सहायता पहुंचाई जाए। पीड़ितों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।



### रोगियों और तीमारदारों को बांटे लंच पैकेट

**शाहजहांपुर।** ब्राह्मण समाज एवं आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान की ओर से सत्यानंद अस्पताल में भर्ती रोगियों और तीमारदारों को दूसरे दिन भी लंच के पैकेट बांटे गए। बाद में नवादा इंदेपुर में भी बाढ़ पीड़ितों को भोजन कराया गया। महापौर अर्चना वर्मा, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी वरुण सिंह, समिति के मुख्य संरक्षक हरिशरण बाजपेई, डॉ. विजय पाठक, डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र, डॉ. गौरव मिश्र, जितेंद्र नाथ तिवारी, अजय मिश्रा, विष्णु मिश्रा, अभिषेक बाजपेई, सुरेश गुप्ता, सुरेश कुमार आदि का सहयोग रहा।



### संघ ने बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी बाढ़ पीड़ितों की मदद को लगातार कार्य कर रहा है। शनिवार को भी संघ के सदस्यों ने टोलियां बनाकर बाढ़ प्रभावित में एसडीआरएफ के सहयोग से लोगों को राहत सामग्री पहुंचाने का काम किया। विभाग प्रचारक धर्मेंद्र धवल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं हनुमत धाम, संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर, आवास विकास कॉलोनी, अजीजगंज, नैनीताल ढाबा आदि क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। शिविर लगाकर जरूरी दवाओं का वितरण किया। महानगर प्रचारक मंजीत, विद्यार्थी प्रचारक अशोक ढेनुआ आदि का सहयोग लिया गया।



शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

**आज का मौसम**

33.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.30 | सूर्यास्त 07.21

# तीसरे दिन घटा गर्रा का पानी, हालात अभी भी मुश्किल

## कांशीराम कॉलोनी, सुभाषनगर और ककरा क्षेत्र में मुसीबतें बरकरार, जनजीवन अस्त व्यस्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** तीसरे दिन बाढ़ का पानी भले ही उतार पर हो, लेकिन मुसीबतें अभी भी कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। महानगर में शनिवार को अजीजगंज-वृंदावन गार्डन से जिला अस्पताल तक का मुख्य रास्ता बिल्कुल साफ हो गया। जबकि एसएस कॉलेज के सामने दाहिनी ओर सड़क पर तीन से चार फिट पानी चल रहा है। मुमुक्षु आश्रम कैंपस में कमर से ऊपर जल भराव है। इसी तरह बरेली मोड़ तक सड़क लबालब है, जिससे दोपहिया और चार पहिया हल्के वाहनों का संचालन अभी भी ठप है। कांशीराम कॉलोनी के हालात तीसरे दिन भी काफी खराब बने हुए हैं। हालांकि ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से सेवाभाव में जुटे लोगों ने मदद के लिए इस चुनौती को स्वीकार करते हुए शनिवार को काफी काम किया। कॉलोनी में इतना जलभराव है कि ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को भी पहुंचाने में सेवादारों को भारी परेशानी का सामना कर पड़ रहा है। अमृत विचार की टीम ने शनिवार को एक समाजसेवी टीम के साथ ट्रैक्टर से बरेली मोड़ और आवास विकास कॉलोनी और कांशीराम कॉलोनी का दौरा कर बाढ़ की विभीषिका को देखा। साथ ही लोगों की मदद करने में भी सहायता की। शनिवार को कांशीराम कॉलोनी में पानी के टैंकर भी भिजवाए गए। इसी तरह अमृत विचार की टीम ने ककरा कलां और सुभाषनगर के बाढ़ ग्रस्त इलाके में भी लोगों की परेशानी को देखा।


महानगर में बरेली मोड़ पर सड़क में जल भराव के बीच निकलते लोग। ● अमृत विचार


शनिवार का हाल...कम होता गर्रा नदी का जल स्तर। ● अमृत विचार

- **अजीजगंज के रास्ते से हटा बाढ़ का पानी तब जाकर मिली राहत**
- **एसएस कॉलेज गेट से बरेली मोड़ तक दो से तीन फिट भरा पानी**

गर्रा नदी में आई बाढ़ का पानी अब धीरे-धीरे उतार पर दिखाई देने लगा है। गर्रा पुल की स्थिति देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि पानी दो से तीन फिट तक कम हो चुका है, जिससे प्रशासन के साथ आमजन ने भी राहत की सांस ली है। पानी कम होने से शुक्रवार को अजीजगंज गिहार बस्ती और वृंदावन गार्डन, जिला अस्पताल तक रास्ता बिल्कुल साफ हो गया है। वहीं, एसएस कॉलेज गेट से बरेली मोड़ तक सड़क पर अभी भी दो से चार फिट तक पानी चल रहा है। इस मार्ग पर स्थिति मुमुक्षु आश्रम, आश्रम बाजार, होटल ग्रैंड आर्क, उद्यमियों के आवासीय परिसर, बरेली मोड़ स्थित पुलिस चौकी अजीजगंज, आवास विकास कॉलोनी मोड़ तक का बाजार पूरी तरह पानी में डूबी हुई है। बरेली मोड़ पर निचले हस्से में पानी दो से तीन फिट तक सड़क पर चल रहा है, लेकिन फ्लाईओवर से मुख्य हाईवे पर सड़क साफ हो चुकी है। बाढ़ से एसएस कॉलेज के मुख्य द्वार की दीवार और रेलिंग टूट चुकी है।

## एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित कई गांवों का किया भ्रमण

**कलान, अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी महेश कैथल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांव कीलापुर, जरियनपुर , वीघापुर समेत कई गांवों का भ्रमण कर बाढ़ का जायजा लिया। ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समसयाओं को सुना। उन्होंने ने सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया है।उन्होंने बताया कि पानी रविवार तक काम हो जाएगा। आबादी में अभी पानी है। बाढ़ से निपटने के लिए सभी प्रबंध किए गए हैं।


एसएस कॉलेज गेट की टूटी दीवार। ● अमृत विचार

# गर्रा व खन्नौत नदी का जलस्तर घटा, प्रशासन ने ली राहत की सांस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जनपद में गर्रा नदी व खन्नौत नदी का जलस्तर घटने लगा है। जिससे जहां बाढ़ पीड़ितों को राहत की उम्मीद जगी है तो वही जिला प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है।

शनिवार को अधिशाषी अभियंता शारदा नहर खंड के बाढ़ नियंत्रण कक्ष प्रभारी अधिकारी की शाम छह बजे आई रिपोर्ट के अनुसार गर्रा नदी अजीजगंज पुल का जलस्तर खतरे के निशान से 0.250 ऊपर व खन्नौत नदी लोदीपुर पुल का जलस्तर खतरे के निशान से 0.200 ऊपर बह रही हैं। गंगा नदी कछला घाट का जलस्तर 0.100 घटा है, गंगा नदी भैंसार ढ़ाईघाट तटबंध का जलस्तर 0.050 बढ़ा है। रामगंगा नदी चौबारी घाट का जलस्तर 0.150 घटा है। रामगंगा नदी डबरी घाट का जलस्तर 0.120 बढ़ा है। जबकि गर्रा नदी अजीजगंज पुल का जलस्तर 0.250 घटा है, खन्नौत नदी लोदीपुर जलस्तर 0 .200 घटा हुआ दर्ज किया गया है। नरौरा बैराज से गंगा नदी में पास किया गया पानी 35320 क्यूसेक, गर्रा नदी में दियूनी बैराज से छोड़ा गया पानी 4042 क्यूसेक। बहगुल डैम से बहगुल नदी में 1010 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

### मिर्जापुर में रामगंगा की लहरें थमी, जलभराव मुसीबत

**मिर्जापुर।** रामगंगा की लहरें कुछ थमी हैं, लेकिन दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। कई गांवों का सीधा संपर्क कट गया है। प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में नाव उपलब्ध कराई गई है। रामगंगा का कहर बीते कई दिनों से क्षेत्र में जारी है। मौजमपुर, अतरी, वीघापुर, सिठौली, नवादा, देवनगर, पहरूआ, हरिहरपुर समेत कई गांव बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। गांवों का सड़क मार्ग से संपर्क कटा हुआ है। खेत में खड़ी अरबी, मूंगफली, मक्का की फसलें बर्बाद हो गई हैं। जानवरों के चारे का भी संकट विकराल होता जा रहा है। पहरूआ में तटबंध पूरी तरह डूब गया है। वहीं कीलापुर में तटबंध कटने की वजह से पानी निकलने लगा है। प्रशासन की ओर से शनिवार को वीघापुर तथा रामदयाल नगला के लिए नाव उपलब्ध कराई है। तहसीलदार अजहर अंसारी ने बताया कि क्षेत्र में अभी बाढ़ के हालात नहीं है। आवागमन के लिए नाव उपलब्ध कराई गई है।

> गर्रा व खन्नौत नदी का जलस्तर घटा रहा है। उम्मीद है कि एक दो दिन में जलस्तर और कम होगा। बाढ़ नियंत्रण कक्ष नदियों के जलस्तर पर निगरानी बनाए हुए हैं।
> – **नेहा वर्मा**, नोडल अधिकारी बाढ़ नियंत्रण


कांशीराम कॉलोनी में राहत सामग्री के लिए टकटकी लगाए बाढ़ पीड़ित। ● अमृत विचार

# नहीं सुधर रहे कांशीराम कॉलोनी के हालात

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बरेली मोड़ पर आवास विकास कॉलोनी में उत्तरी ओर बनी कांशीराम कॉलोनी के हालात अभी भी जस के तस बने हुए हैं। कॉलोनी की मुख्य सड़क पर जहां एक फुट तक पानी चल रहा है, वहीं सड़क किनारे से कॉलोनी में प्रवेश वाले रास्ते पर दो से चार फिट तक पानी भरा हुआ है, जिस कारण आवाजाही लगभग बंद ही है।

कांशीराम कॉलानी में बहुत जरूरी होने पर ही पानी में उतर कर सड़क पर आ रहे हैं। जो स्वयंसेवी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से राहत सामग्री लेकर मदद करने को पहुंच रहे हैं, वह भी अनजाने रास्ते होने के कारण मुख्य मार्ग पर ही वाहन खड़े कर लंच पैकेट, बिस्कुट, चिप्स, पानी के पाउच बांट रहे हैं। जो लोग संकरी गलियों में रह रहे हैं, उन तक राहत सामग्री नहीं पहुंच रही है। लोग बहुमंजिला कॉलोनी में फंसे हुए हैं और इमदाद करने वालों की ओर खिड़की से ही झांकते रहते हैं। राहत लेकर पहुंचने वाले लोगों और वाहनों को देखकर बच्चे, महिलाएं और अन्य परेशान पीड़ित दौड़ पड़ते हैं। पुरुषों के साथ महिलाएं और बच्चे भी पानी के साथ बिस्कुट, नमकीन, लंच पैकेट लेने की होड़ लगाए रहते हैं। वैसे पानी की व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए शनिवार को टैंकर भी उपलब्ध कराए गए, जिनसे लोगों ने आवश्यकतानुसार पानी स्टोर भी कर लिया। कुछ परिवारों ने आवास विकास कॉलोनी में गोल चक्कर बने पार्क में ही डेरा डाल रखा है।


बरेली मोड़ में आवास विकास कॉलोनी के पार्क में ली लोगों ने शरण। ● अमृत विचार

- **मुख्य मार्ग किनारे बने आवासों में ही पहुंच पा रही मदद**


कांशीराम कॉलोनी में भरा बाढ़ का पानी और राहत सामग्री लेकर लौटते लोग। ● अमृत विचार


ककरा कलां क्षेत्र में बाढ़ से घिरे मकान और पानी कम होने से हुई दलदल। ● अमृत विचार

# सुभाषनगर और ककरा में डूबे हैं कई मकान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बाढ़ से महानगर का सुभाषनगर और ककरा कलां अभी भी प्रभावित चल रहा है। दोनों इलाकों में पानी तो उतार पर चल रहा है, लेकिन जो मकान पानी में डूबे हुए हैं, उन्हें अभी एक-दो दिन और परेशानी में गुजारने होंगे।

सुभाषनगर मोहल्ला पार करने के बाद ककरा और बाईपास के समीप पानी सड़क पर चल रहा है।

- **बाईपास बंद, सड़क पर बह रहा पानी, बैरीकेडिंग लगाकर पुलिस की गई तैनात**

सड़क का पानी जिस दिशा में बह रहा है, वहां के मकान पानी में डूबे हुए हैं, जो काफी संख्या में भी हैं। इस क्षेत्र में कुछ भागों में गलियों तक पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों को आवाजाही में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

बाईपास पर बैरीकेडिंग कर पुलिस की डयूटी लगाई गई है और पानी का टैंकर भी वहीं पर खड़ा कर दिया गया है, जिससे जरूरतमंदों को पानी की किल्लत न हो सके। इस क्षेत्र में स्वयंसेवी संगठन खाने की वस्तुएं और लंच पैकेट भी उपलब्ध करा रहे हैं। इससे आगे का रास्ता बिल्कुल बंद कर दिया गया है। इसी तरह ककरा कलां में भी नई वसीयत वाले भाग के कुछ मकान पानी में डूबे हुए चल रहे हैं। इन मकानों तक आने-जाने का कोई रास्ता नहीं है।


सुभाषनगर में बाढ़ के पानी से घिरे आवास। ● अमृत विचार


आवास विकास तिराहा-पुलिस चौकी अजीजगंज के पास से निकलते लोग। ● अमृत विचार

# रामगंगा ने फैलाया दायरा, कई गांव घिरे

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** रामगंगा नदी का जल स्तर बढ़ने से पानी क्षेत्र के कई गांवों में पानी भर गया है, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों के पास इतना समय भी नहीं है कि पीड़ितों का हाल जान सकें। अफसरों की लापरवाही से ग्रामीणों में घोर आक्रोश व्याप्त हैं।

जरियनपुर गांव में भी बाढ़ का पानी पहुंच चुका है गांव के कई घर पानी की जद में आ रहे हैं, इसके साथ ही सिठौली ,बीघापुर अतरी निजामपुर, अंसारी ,मौजमपुर समेत कई गांव पानी से गिरे हुए हैं। जलालाबाद क्षेत्र के कई गांव में पानी है। सुगसुगी ,कुरौली में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। सुगसुगी में कई घरों में बाढ़ का पानी भर गया है। ठिंगरी गांव में भी बाढ़ का पानी पहुंच गया है। रामगंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ रही हैं।

### कोलाघाट: कट रहा एप्रोच रोड

**कलान, अमृत विचार :** इस समय राम गंगा में बढ़े जलस्तर के कारण कोलाघाट एप्रोच रोड कटना शुरू हो गया है। जरियनपुर की ओर से जाते वक्त पुल से पहले ही कई स्थानों पर रोड के किनारे कट रहे हैं, जिनमें बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे आवागमन करने वाले लोगों को भी जान का खतरा बना हुआ है। जरा सी लापरवाही हुई तो वाहन चालक गड्ढों में गिर जाएंगे और उनकी जान के लिए भी आफत आ सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि इसकी शिकायत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से की है लेकिन वह मरम्मत का कार्य नहीं किया गया है, जिससे लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि इसी तरह से कटान होता रहा तो जलालाबाद जाने का सीधा रास्ता भी बंद हो जाएगा और कलान मिर्जापुर के लोगों का बाइकों से जाने का सफर भी एकदम टूट जाएगा। क्षेत्र वासियों ने जिला अधिकारी से एप्रोच रोड सही कराए जाने की मांग की है।


कलान क्षेत्र के एक गांव में घुसा पानी। ● अमृत विचार

**आज का मौसम**
बादल छाए रहने के साथ बारिश का अनुमान
33.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

# प्रधान की अगुवाई में लोगों ने खुद बनाया जीने का रास्ता, वादा करने वालों के भरोसे रहते तो जाने क्या होता

## ट्रांस शारदा क्षेत्र का रास्ता बंद होने से अटकी थीं सैकड़ों लोगों की सांसें, तस्वीरें भेजने के बाद भी नहीं पिघला प्रशासन

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

- अब पलिया होते हुए किया जा सकेगा ट्रांस शारदा क्षेत्र में प्रवेश

**अमृत विचार:** ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ के बाद मची तबाही नें ग्रामीणों के सामने संकट के हालात पैदा कर दिए तो रास्ते बंद होने पर जिला प्रशासन भी राहत सामग्री पहुंचाने में बाढ़ का बहाना बनाकर चुप्पी साध गया।

इधर, रास्ता बंद होने से सैकड़ों लोगों की सांसे अटकी थीं। इस बीच कबीरगंज के प्रधान इकबाल सिंह उर्फ काले ने इस समस्या हल करने की ठानी। उन्होंने पहले मार्ग की मरम्मत के लिए जिम्मेदारों से संपर्क साध फोटो भेजे। इसके बावजूद जब प्रशासन नहीं पिघला तो कार सेवा के जरिये स्थानीय लोगों की मदद से वह खुद डट गए और क्षतिग्रस्त मार्ग को महज 72 घंटे में तैयार कर दिया। जल्द ट्रांस शारदा क्षेत्र में आवागमन शुरू होने पर जहां ग्रामीण रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने को आवाजाही कर सकेंगे। वहीं मिल-जुलकर किए गए इस प्रयास के बाद अफसरों की खूब किरकिरी हो रही है।



रास्ता बनाने के लिए कार सेवा करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

पिछले दिनों भीषण बारिश से शारदा नदी के उफनने से कलीनगर और पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांवों में बाढ़ के हालात बन गए थे। सर्वाधिक दिक्कत शारदा पार की करीब 40 हजार की आबादी को झेलनी पड़ी थी। रास्ते बंद होने पर राहत सामग्री पहुंचाने में दिक्कत आ रही थी। ट्रांस शारदा क्षेत्र में प्रवेश के लिए संपूर्णानगर होते हुए मुख्य रास्ता है। इसके अलावा दूसरा रास्ता पंजाबघाट से होकर आता है। तीसरा रास्ता नहरोसा से होकर है। रास्ते कटने के बाद आवागमन बंद था। पंजाबघाट से आने वाला रास्ता भी करीब 200 मीटर तक कट गया था। प्रधान इकबाल सिंह उर्फ काले ने बताया कि मार्ग की मरम्मत के लिए जिम्मेदारों से संपर्क साधा और उनको फोटो भेजे। जब कोई मदद नहीं मिली तो स्थानीय लोगों ने कारसेवा के जरिए खुद ही मार्ग निर्माण का बीड़ा उठाया और पंजाबघाट वाला रास्ता बनाकर तैयार कर दिया।

### 70-80 ग्रामीण जुटे, तीन दिन में हुआ समाधान

ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ के दौरान रास्ता कटने के कारण ग्रामीणों की जिंदगी संकट में थी। उनके पास न तो बाहर से कोई मदद पहुंच पा रही थी और न ही इधर से लोग उनकी तरफ जा पा रहे थे। ऐसे में यह कार सेवा शुरू की गई थी। बताते हैं कि रोजाना 70 से 80 लोग कारसेवा में जुटे और तीन दिन बाद शनिवार देर शाम इस क्षतिग्रस्त हिस्से को सुधार तैयार करा दिया है।

### ट्रांस क्षेत्र के किसी भी हिस्से में हो सकेगा आवागमन

कार सेवा से तैयार किए गए रास्ते से अब ट्रांस शारदा क्षेत्र में प्रवेश के लिए रास्ते की दिक्कत दूर हो सकेगी। पलिया से बाजार घाट, कबीरगंज, हजारा थाना, मुरैनिया समेत किसी भी क्षेत्र में जाया जा सकेगा। बताते हैं कि पहले पाइप बिछाए गए। इसके बाद सीमेंट की बोरियां लगाई। उस पर बालू डाली गई और फिर मिट्टी आदि डालकर रास्ता तैयार कराया गया है।

> ट्रांस शारदा क्षेत्र की एक बड़ी आबादी रास्ता कटने से फंसी हुई। जब प्रशासनिक स्तर से मदद नहीं मिली तो कारसेवा से मार्ग तैयार किया गया है। करीब तीन दिन से ग्रामीण खुद ही लगे हुए थे। निर्माण सामग्री को लेकर भी कोई सरकारी मदद नहीं मिली। अब इस मार्ग के चालू होने से आवागमन आसानी से हो सकेगा।
>
> – **इकबाल सिंह**, ग्राम प्रधान, कबीरगंज

## शौच करने गए ग्रामीण की तालाब में डूबने से मौत

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मलकपुर के रामचरन का 42 वर्षीय बेटा भगवान दास घर से कुछ दूरी पर एक लालाब में शौच करने गया था। शौच करने के बाद हाथ वह धो रहा था कि अचानक उसका पैर तालाब में फिसल गया। इससे पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची और तालाब से शव बाहर निकाल सीएचएसी भिजवा दिया।

## सीएचसी प्रभारी अनिकेत का अमरिया तबादला

**पूरनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अनिकेत करीब दो साल से सेवाएं दे रहे थे। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आलोक शर्मा ने शनिवार को डा. अनिकेता का तबादला अमरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर दिया। इनकी जगह अमरिया सीएचसी के प्रभारी डा. आलम को पूरनपुर सीएचसी का प्रभारी चिकित्साधिकारी बनाया गया है।

# दुल्हन सजाने के रुपये मांगने पर ब्यूटी पार्लर संचालक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोहम्मद वासिल में शुक्रवार रात हुई घटना
- पीड़ित ने रुपये छीनने और मोबाइल तोड़ने का भी लगाया आरोप

**अमृत विचार :** शादी में दुल्हन सजाने के बाद मेहनताना मांगने पर दुल्हन के परिवार वालों ने ब्यूटी पार्लर संचालक को घर बुलाकर उसे बंधक बना लिया। भागने की कोशिश करने पर दोबारा घेरकर पीटा और जेब में रखे दस हजार रुपये और जेबर में रखा मोबाइल छीन लिया

दशहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद के रहने वाले अनुज भारती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ठेका चौकी के पास ब्यूटी पार्लर का संचालन करते हैं। मोहल्ला मोहम्मद वासिल के रहने वाले सतीश चंद्र राठौर, उनके पुत्र विशाल और अंशुल 10 जुलाई को अपनी बेटी की शादी के लिए मेकअप के लिए बुकिंग करने आए थे। जिसका ठेका 15200 रुपये में हुआ था। काम पूरा करने के बाद आरोपियों ने एक दो दिन में रुपये मिलने का भरोसा दिलाया। इसके बाद रुपये नहीं दिए और टालमटोल शुरू कर दी। शुक्रवार रात आठ बजे उसने सतीश को कॉल कर रुपये मांगे। आरोपियों ने रुपये देने के बहाने घर बुला लिया। जब पीड़ित उनके घर पहुंचा तो आरोपी सतीश, अंशुल, विशाल और अन्य लोगों ने उसे अपने घर में बंधक बना लिया। आरोप है कि खराब मेकअप करने की बात कहते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो मारपीट की गई। जेब में रखे दुकान के 10 हजार रुपये छीन लिए। जब उसने अपने मोबाइल से वीडियो बनाने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। आरोप है कि पुलिस ने पहले तीन घंटे तक बैठाए रखा और मेडिकल तक नहीं कराया। बाद में एसपी आवास तक मामला पहुंचने पर एक युवक को हिरासत में लिया जा सका।

> दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली थी। मामले की जांच कराई जा रही है। किसी के साथ कोई पक्षपात नहीं किया गया है। दोनों पक्षों की आपस में वार्ता चल रही है। अन्यथा मुकदमा लिखकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> – **नरेश त्यागी**, कोतवाल

# सही निकली शिकायत, महिला बाल विकास विभाग ने रुकवाया बाल विवाह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बरखेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला,, सजा की बात सुन माता-पिता ने कबूली गलती
- डीएम के निर्देश पर शनिवार को जिला प्रबोशन अधिकारी के नेतृत्व में गांव पहुंची थी टीम

**अमृत विचार:** बाल विवाह की शिकायत पर डीएम के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी ( डीपीओ) के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की तो मामला सही पाया गया। टीम ने बालिका के परिजनों को बाल विवाह न करने की हिदायत दी। साथ ही परिजनों ने बालिका की आयु 18 वर्ष पूरी होने के बाद ही विवाह करने की बात कही है।

जनसुनवाई के दौरान डीएम को एक व्यक्ति ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि थाना बरखेड़ा के एक गांव में एक ग्रामीण अपनी 17 वर्षीय पुत्री का बाल विवाह करने जा रहा है। डीएम संजय कुमार सिंह ने डीपीओ को जांच के निर्देश दिए। शनिवार को डीपीओ प्रगति गुप्ता के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू मनोज कुमार मिश्रा ,चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समवन्वयक निर्वान सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की तो मामला सही पाया गया।



बाल विवाह की सूचना पर परिजनों से पूछताछ करती जिला प्रबोशन अधिकारी।

डीपीओ ने बताया बालिका का विवाह 15 जुलाई को संपन्न होना था। इसको लेकर बारातघर बुक हो चुका था और विवाह की तैयारी चल रही थी। दस्तावेजों में आयु 17 वर्ष एक माह पांच दिन मिली। परिजनों को हिदायत दी गई कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। कार्रवाई की नौबत आई तो बालिका के परिजनों ने जांच टीम को प्रधान की मौजूदगी में लिखित में दिया वह अब बालिका की शादी 18 वर्ष पूरी होने पर ही करेंगे। टीम ने बालिका को उसके परिजनों की मौजूदगी में बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया। टीम में डीसीपीयू से संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर, चाइल्ड हेल्पलाइन परामर्शदाता मनिष्ठा गुल अंसारी, भानुप्रताप, अमित कुमार, महिला सिपाही सुनीता शामिल रहीं।

# प्रधान की दबंगई घर में घुसकर की मारपीट, रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार:** गांव में राशन की दुकान की रंजिश को लेकर ग्राम प्रधान ने अपने साथियों की मदद से एक ग्रामीण की उसके घर में घुसकर बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सितारगंज नवदिया के रहने वाले चंद्रपाल शर्मा ने बताया कि वह 13 जुलाई को अपने खेत से फसल देखकर घर की तरफ लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में ग्राम प्रधान इमरान ने उसको रोक लिया। वह कुछ समझ पाता कि इससे पहले ग्राम प्रधान के भाई रिजवान, बंटू, नाजिम, वसीम, अजीम, नईम, वाजिब और तीन अज्ञात लोग आ गए। सभी ने एक साथ मारपीट करना शुरू कर दी। बचने के लिए पीड़ित अपने घर में आ गया। इसके बाद आरोपियों ने घर में घुसकर पिटाई कर दी। आसपास के ग्रामीणों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# नेताओं का दबाव नहीं आया काम...डीएम-एसपी ने ताजियेदारों को पढ़ाया गाइडलाइन का पाठ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** ताजियेदारों की ओर से एक दिन पहले सिटी मजिस्ट्रेट से शिकायत कर पुलिस पर अवरोध उत्पन्न करने व धमकाने के आरोप लगाते हुए शिकायत की गई थी। दूसरे दिन शनिवार को मामला गरमाया गया।

समाधान दिवस के मौके पर कोतवाली पहुंचे डीएम-एसपी के पास ताजियेदार पहुंचे। सपा और कांग्रेस के नेता भी साथ थे। सभी ने बीते सालों का हवाला देते हुए अपनी बात रखी। जिसके बाद डीएम -एसपी ने भी ताजियेदारों को शासन की गाइडलाइन से अवगत कराया। भरोसा दिलाया किसी को बेवजह परेशान नहीं होने दिया जाएगा। गाइडलाइन का पालन न करने और खुराफात का प्रयास कोई करेगा तो सख्ती से निपटा जाएगा। जिसके बाद मौजूद नेताओं ने पुरानी परंपरा बताकर दबाव बनाने का प्रयास किया लेकिन अफसरों की सख्ती के चलते उनकी एक नहीं चल सकी।



कोतवाली के बाहर भीड़ जमा होने पर लोगों को हटाती पुलिस। ● अमृत विचार

- कहा-10 से 12 फीट तक ही रखें ताजिया की उंचाई, इसके लिए नहीं काटे जाएंगे कोई पेड़, न हटेंगे तार
- सपा और कांग्रेस के नेता पहुंचे कोतवाली, अफसरों पर दबाव बनाने की सभी कोशिशें हुई नाकाम

दरअसल, सड़क पर ताजिये और ऊंचाई लंबाई को लेकर शासन से आई नई गाइडलाइन के तहत ताजियेदार लगातार विरोध कर रहे हैं।

शनिवार को इसे लेकर समाधान दिवस के बीच कई ताजियेदार सपा और कांग्रेस के नेताओं के साथ कोतवाली पहुंचे। वहां पर डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय जनसुनवाई कर रहे थे। ताजियेदारों ने पुराने सालों का हवाला देते हुए अपनी बात रखी। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अभिनव गुप्ता, मेहरबान अंसारी, युसूफ मलिक, सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी आदि साथ थे। डीएम एसपी ने गाइडलाइन से अवगत कराते हुए स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक स्थान पर कोई भी ताजिया नहीं रखा जाएगा और न ही सजावट होगी। इसके अलावा ताजिये की लंबाई और ऊंचाई 10 से 12 फिट तक ही रहेगी। जबकि ताजियेदार 25 फिट ताजिये बनवाने की बात कह रहे थे। अधिकारियों ने उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने का आग्रह किया। ये भी कहा कि पर्व के बीच अगर कोई खुराफात करने का प्रयास करेगा तो सख्ती से निपटा जाएगा। इस पर सभी वापस आ गए।

### ...एसपी ने लगाई क्लास

बताते हैं कि डीएमएसपी शासन की गाइडलाइन से अवगत करा रहे थे। इस बीच एक कांग्रेस नेता ने भड़कते हुए कुछ बात कर दी। जोकि साथ आए अधिकांश कार्यकर्ताओं को भी गलत लगी। एसपी ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए जमकर क्लास लगाई। वहीं, साथ गए तमाम नेता भी इसे लेकर कांग्रेस नेता की ओर से कही गई बात को गलत बताते नजर आए। उनका कहना था कि अधिकारियों के समक्ष पर्व के मौके पर इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। फिलहाल प्रशासन पर दबाव बनाने के चक्कर में भीड़ के बीच नेताजी की किरकिर हो गई।

### कोतवाली के बाहर लगी भीड़ को पुलिस ने हटाया

डीएम-एसपी से वार्ता करने के बाद भीड़ बाहर आकर सड़क पर जमा होने लगी। जगह-जगह दुकानों के बाहर लोग भीड़ लगाकर आपस में वार्ता करने लगे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिहाज से पुलिस ने बेवजह भीड़ को जमा नहीं होने दिया। सभी को हटाकर घर भेज दिया। इसके अलावा पुलिस कर्मियों को क्षेत्र में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

# लोक अदालत में 1.14 लाख वादों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर पीलीभीत, ग्राम न्यायालय पूरनपुर और बीसलपुर में किया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार ने बताया कि जिसमें 114256 वादों का निस्तारण कर 06 करोड़ 36 लाख 57 हजार 595 रुपये की धनराशि के समझौते किए गए। वैवाहिक पारिवारिक वादों में समझौता कराते हुए न्यायालय से ही कई दंपति को हंसी खुशी विदा किया गया।



लोक अदालत के दौरान सुलह के बाद विदा किए जाते दंपति। ● अमृत विचार

# डॉ.धर्मेंद्र सब्बरवाल अध्यक्ष आलोक सक्सेना बने महामंत्री



नगर कार्यकारिणी के गठन के दौरान मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर कार्यकारिणी गठित


**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर कार्यकारिणी का गठन शनिवार को किया गया। जिला प्रमुख डॉ. गौरव वर्मा, विभाग संयोजक जतिन भारती, विभाग छात्रा प्रमुख सीमा कश्यप, जिला सह संयोजक आयुष मिश्रा, जिला एसएफडी संयोजक शुभम भारती की उपस्थिति में कार्यकारिणी गठित की गई।

चुनाव अधिकारी डॉ. गौरव वर्मा रहे। नगर अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सब्बरवाल और नगर मंत्री आलोक सक्सेना को निर्वाचित किया। इसके अलावा डॉ. मदन वर्मा, डॉ. दुर्गेशधार द्विवेदी, प्रेम मौर्य नगर उपाध्यक्ष, वर्षा, प्रमोद राजपूत, वंश मिश्रा, आशीष वर्मा नगर सहमंत्री, अर्पित मौर्या नगर आन्दोलन प्रमुख, यामिनी नगर खेल संयोजक, अंशुल कश्यप नगर एसएफडी संयोजक, सह-संयोजक सुमित, अनुराग कश्यप नगर एसएफएस संयोजक, कलामंच संयोजक नेहा दास, नगर कला मंच सहसंयोजक नीतू, नगर सोशल मीडिया संयोजक सोमित पटेल, नगर सहसोशल मीडिया संयोजक पीयूष पांडे, शानू गुप्ता, हर्ष सक्सेना नगर कार्यकारिणी सदस्य, नगर फार्मा संयोजक संयोजक विशेष चौहान, नगर मेडिवीजन संयोजक अजय कुमार पटेल बनाए गए। इस मौके पर प्रिया शर्मा, अमित राठौर, अश्वनी आदि मौजूद रहे।









## एक नजर

### छुट्टा पशु से टकराया बाइक सवार

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुरगांव के ओमपाल अपने साथी विनोद के साथ बरेली जनपद के थाना भुता क्षेत्र में रिश्तेदारी में जा रहे थे। शुक्रवार रात रसिया खानपुर रोड पर भड़रिया गांव पहुंचते ही उनकी बाइक मार्ग पर घूम रहे छुट्टा पशु से टकरा गई। हादसे में वह घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया।

### सड़क हादसे में घायल गोवंश का कराया उपचार

**पूरनपुर, अमृत विचार :** गांव घुंघचाई में शुक्रवार शाम पूरनपुर बंडा रोड पर वाहन की टक्कर से गोवंश घायल हो गया। इसकी जानकारी मिलने पर गोरक्षक सेवा के जतिन गुप्ता, नितिन, अनुभव, आर्यन, अनमोल आदि मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल पशु का उपचार कराया। उसे चारा और पानी देकर सुरक्षित स्थान पर बिठा दिया।

### छत से गिरकर महिला घायल

**पूरनपुर, अमृत विचार :** गांव चंदिया हजारा की बंगाली कालोनी की कालोनी की रहने वाली चंपा दास पत्नी प्रभादास काम से छत पर गई थी। अचानक पैर फिसलने से गिरकर घायल हो गई। उसे पूरनपुर सीएचसी लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# बाढ़ का पानी थमा तो युद्धस्तर पर शुरू कराई सफाई

## नगर पालिका की ओर से मोहल्लों में संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए करा रही फॉगिंग व छिड़काव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


शहर में कराई जा रही फॉगिंग। ● अमृत विचार


शहर में दवा का छिड़काव करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बाढ़ का पानी लगातार घट रहा है। लेकिन, पानी घटने के साथ-साथ अब मलबा, कीचड़ और दुर्गंध से परेशानी हो रही है। गंदगी के कारण मच्छरों से होने वाली बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। इससे निपटने के लिए नगर पालिका ने युद्धस्तर पर सफाई कराना शुरू कर दी है। शहर के निचले इलाकों में जलभराव की समस्या होने पर टीमें बनाई है। जो प्रतिदिन शहर के विभिन्न इलाकों में दवा का छिड़काव और फॉगिंग कर रही हैं ताकि बीमारियां न फैल सकें।

बता दें कि बीते दिनों लगातार हुई भीषण बारिश के बाद शहर में जलभराव की स्थिति से नगर पालिका की खासा फजीहत सोशल मीडिया पर हुई। नए नालों के निर्माण कार्य को लेकर भी सवाल उठाए गए। इधर, पहाड़ों पर हुई भारी बारिश के बाद देवहा नदी उफनाई तो बाढ़ के हालात शहर में बन गए थे। देवहा में पानी बढ़ने की वजह से शहर में बाढ़ आ गई थी। जिसकी वजह से निचले इलाके जैसे बेनी चौधरी, डालचंद, मोहम्मद फारुख, फीलखाना, पंजाबियान, खकरा, वल्लभनगर कॉलोनी समेत विभिन्न इलाकों में जलभराव हो गया था। पानी निकलने के बाद वहां अब बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में नगरपालिका की ओर से मलेरिया, डेंगू जैसी संक्रामक बीमारियों को नष्ट करने के लिए फॉगिंग और

**● बीते दिनों बारिश और देवहा नदी के उफनाने से शहर में चौतरफा बन गए थे बाढ़ के हालात**

दवा का छिड़काव शुरू कराया है। शहर के प्रत्येक वार्ड में फॉगिंग करने के लिए रोस्टर तैयार कराया है। जिसमें प्रतिदिन सुबह चार वार्ड और शाम को चार वार्डों में फॉगिंग और कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। ताकि डेंगू और मलेरिया का लार्वा उत्पन्न न हो सके और साथ ही संक्रामक


बारिश और बाढ़ की वजह से कई जगह जलभराव हो गया था। जलभराव खत्म हो चुका है। ऐसे में बीमारियां फैलने से रोकने को तैयारी कर ली गई है। रोस्टर बनाकर दवा का छिड़काव और फॉगिंग कराई जा रही है। कोई लापरवाही सामने आती है तो सख्त एक्शन लिया जाएगा। **– डॉ .आस्था अग्रवाल**, अध्यक्ष नगर पालिका पीलीभीत

बीमारियों से निजात मिल सके। पालिका अध्यक्ष ने कर्मचारियों से वार्डों में सफाई रखने की के निर्देश दिए हैं। रोस्टर के अनुसार फागिंग और कीटनाशक दवाई के छिड़काव वार्ड नंबर 2, 11, 27, 18, 5, 7, 9, 16, 6, 10, 19, 25, 1, 14 और 17 नंबर वार्ड में सुबह के समय फागिंग करवाई जाएगी। जबकि वार्ड नंबर 3, 15, 24, 26, 8, 21, 20, 23, 13, 4 और 12 में शाम को फॉगिंग करवाने का रोस्टर तैयार किया गया है।

# तीन दिवसीय परशुराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू


पूजा में मौजूद यजमान। ● अमृत विचार

संवाददाता,पीलीभीत

**अमृत विचारः** शहर के प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में अखिल भारतीय भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा की ओर से तीन दिवसीय भगवान परशुराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शनिवार को शुरुआत की गई जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

पहले दिन भगवान परशुराम का पूजन सुबह प्रमुख आचार्य दीप्तिमान मिश्रा, सहयोगी आचार्य आशुतोष शर्मा, जयशंकर लल्ला महाराज, सिद्धार्थ मिश्रा, यशराज मिश्रा, विष्णु शर्मा, राधे नारायण ने कराया। सर्वप्रथम गौरी गणेश पूजन, वरुण कलश पूजन, लक्ष्मी पूजन, अग्नि स्थापना पूजन आदि हुए। रविवार को पूजन में घृता धिवास महास्नान शैयाधिवस व समस्त चौकी पूजन सम्पन्न होंगे। मुख्य यजमान गोदावरी कॉलोनी के अशोक मिश्रा, रंजना मिश्रा, अभिउदय मिश्रा, अग्रिमा मिश्रा रहे। इस मौके पर अध्यक्ष व प्रदेश मंत्री श्रीधर पाण्डेय, समारोह संयोजक एवं जिलाध्यक्ष अशोक वाजपेयी, दीपक शुक्ला, अवधेश पाठक, आकाश पाराशर, नीलेश चतुर्वेदी, रमेश चंद्र पाण्डेय, रणवीर पाठक, डॉ. हरि शंकर मिश्रा, आशीष दीक्षित, शेखर शुक्ला, धीरेन्द्र मिश्र, श्रीराम शर्मा, अशोक शर्मा, हर्षित शर्मा, अमित अवस्थी, हर्षवर्धन पाण्डेय, अमनदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित गांवों का राज्यमंत्री ने किया दौरा


बाढ़ प्रभावित गांव में पहुंचे राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शनिवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए गए।

**● अधिकारियों को दिए हरसंभव मदद के निर्देश**

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ग्राम पंचायत नावकूड, भंगा मोहम्मदगंज, चन्दोई, बेहरी पहुंचे। गांव का भ्रमण करते हुए बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया। प्रभावित लोगों से संवाद कर उनका हालचाल जाना। ये भी पता किया गया कि उन्हें सरकारी मदद मिल रही है कि नहीं। संबंधित अधिकारियों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पूरी तैयारी और संवेदनशीलता के साथ क्रियाशील रहने के लिए निर्देशित किया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हुई फसलों, पशु हानि और आवास गिरने आदि का सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। ताकि शासन से प्रभावित लोगों को लाभान्वित कराया जा सके। ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य और विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों की मदद में जुटने का निर्देश दिया।

### कैबिनेट मंत्री ने दिलाई शपथ

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के एक बरात घर में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पीलीभीत इकाई का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि मेयर बरेली उमेश गौतम ने शिरकत की। पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला सूचना अधिकारी विपिन कुमार, यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, प्रदेश महामंत्री रमेश शंकर पांडेय, प्रदेश संगठन मंत्री सुधीर दीक्षित, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह, वरिष्ट उपाध्यक्ष अर्जदेव सिंह, विक्रांत शर्मा, महेश कौशल, आशुतोष मिश्रा, बिलसंडा अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, गजरौला अध्यक्ष सर्वेश शर्मा, अमरिया अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ आदि मौजूद रहे।

# जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट तीन लोग घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** जमीन संबंधी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव करोड़ के रहने वाले छत्रपाल ने बताया कि उसकी पत्नी मीना देवी के नाम गांव में जमीन है। गांव का ही जीवनराम जमीन में सह खातेदार हैं। उसने तहसील में जमीन का बटवारे का मुकदमा डाल रखा है।

आरोप है कि शनिवार को जीवनराम व उसके परिजन विवादित जमीन में धान की पौध लगाने के लिए पानी भरकर जुताई कर रहे थे। विरोध करने पर गाली गलौज की गई। इसके बाद हमला कर दिया। जीवनराम, उसके पुत्र महेश पाल वर्मा उर्फ मुनेंद्र पाल ने अन्य लोगों संग मिलकर लाठी डंडे से पिटाई कर दी। जबकि दूसरे पक्ष के महेशपाल वर्मा उर्फ मुनेंद्र पाल का कहना है कि छत्रपाल ने अपने हिस्से से ज्यादा जमीन पर कब्जा कर रखा है। इसका विरोध करने पर रंजिश मान रहे है। इसी रंजिश के चलते शनिवार को खेत की जुताई करते वक्त हमला कर दिया गया। पुलिस घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच कर रही है।

# अफसर पहले अपने कार्यालय में बायोमेट्रिक हाजिरी की व्यवस्था करें फिर यह व्यवस्था शिक्षकों पर लागू करें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** परिषदीय विद्यालय में ऑनलाइन हाजिरी को लेकर शिक्षक लगातार विरोध कर रहे हैं। सरकारी सिस्टम की काफी कोशिश के बाद भी शिक्षक इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं है। उनका तर्क है कि विभाग पहले अपने कार्यालय में बायोमेट्रिक हाजिरी की व्यवस्था करें उसके बाद यह व्यवस्था शिक्षकों के ऊपर लागू करें। लेकिन शासन की सख्ती के चलते अब अफसर भी सक्रिय हो गए हैं। जिले में बाढ़ समाप्त होने के बाद स्कूलों के ताले खुल चुके हैं। मगर शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगा रहे हैं।

ऑनलाइन हाजिरी को लेकर जिले के शिक्षक जहां इस व्यवस्था का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। वहीं अब विभाग शिक्षकों को मनाने में जुटा है। साथ ही उन्हें इसके लिए प्रेरित करने में लगा है। विभाग की ओर से एसआरजी, एआरपी व खंड शिक्षा अधिकारी इस प्रक्रिया में क्या दिक्कतें आ रही हैं, इसके बारे में शिक्षकों से मिलकर उनकी समस्याओं को जानने की कोशिश करने में जुटे हैं। इसका फीडबैक भी तैयार कर रहे हैं। हालांकि इस विभागीय पहल का शिक्षकों पर


मरौरी ब्लाक के एक स्कूल में पढ़ाई करते बच्चे। ● अमृत विचार

**● शिक्षकों का ऑनलाइन हाजिरी का विरोध बरकरार, अफसर निरीक्षण कर परखते रहे हालात**

**● कहीं शिक्षकों ने नेटवर्क की दिक्कत बताई तो कुछ स्कूलों में सफाई करते मिली शिक्षकाएं**

कुछ विशेष असर होता नहीं दिख रहा है। शनिवार को जिले के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में स्कूलों का निरीक्षण करने के लिए निकले।

मारौरी ब्लॉक के बीईओ शिव शंकर मौर्य ने स्कूलों को चेक किया तो हालात बेहद चौकाने वाले मिले। गांव कल्याणपुर नौगवां के कंपोजिट में प्रधानाध्यापक सीता मिश्रा मौजूद मिली। जहां उनसे शासन की ओर से दिए गए टैबलेट को लेकर पूछा गया तो उन्होंने बताया कि 16 जून को स्कूल में चोरी हो गई थी। उसमें टैबलेट भी चोरी हो गया। इस पर बीईओ ने फटकार लगाते हुए रिपोर्ट बनाकर अधिकारी को दी। इसके बाद चंदोई गांव के कंपोजिट विद्यालय चेक करने के लिए गए। जहां बाढ़ का पानी भरने की वजह स्कूल में साफ सफाई करवाते हुए मिले। इस कारण स्कूल में बच्चे भी नहीं आए थे।

इसके बाद दियोरी प्राथमिक विद्यालय गए। वहां शिक्षक और बच्चे मौजूद मिले। टैबलेट से हाजिरी लगाने के बारे में जानकारी तो बताया गया कि टैबलेट से सिग्नल की प्रॉब्लम आ रही है। हाजिरी लगाना चाह रहे हैं मगर सिग्नल की वजह से काम नहीं हो पा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मरौरी ब्लॉक में 173 परिषदीय विद्यालय संचालित होते हैं। जिनमें 23 विद्यालयों में शिक्षकों ने बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी दर्ज की है। मगर अधिकतर शिक्षकों ने अपनी ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई है।

### बीईओ ने पांच स्कूलों का किया निरीक्षण

**पूरनपुर, अमृत विचार :** ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षक लामबंद है। शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बीआरसी क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पिंडरा, प्राथमिक विद्यालय बिधिपुर, प्राथमिक विद्यालय लालपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर, गड़ा पचपेड़ा के प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान किसी भी शिक्षक की उपस्थिति ऑनलाइन लगी नहीं मिली। हालांकि टेबलेट पर स्कूल में पंजीकृत बच्चों को उपस्थिति ऑनलाइन लगी हुई मिली। इसके अलावा अन्य कार्य भी टेबलेट पर किए जा रहे थे। खंड शिक्षाधिकारी ने बताया कि स्कूलों का निरीक्षण किया गया था। सिर्फ बच्चों की ऑनलाइन उपस्थिति लगी मिली है।

## सार-संक्षेप

### महिला से घर में घुसकर दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**पूरनपुर, अमृत विचार :** थाना हजारा क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह घर पर अकेली थी। आरोप है कि थाना घुंघचिहाई का एक युवक उसके घर पहुंचा और अकेला पाकर डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। पति घर आ गए और आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। एसओ हजारा परमेंद्र कुमार ने बताया कि एक महिला ने घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### सभासद की बरामदगी के लिए सीओ को दिया पत्र

**पूरनपुर।** नगर के एक मोहल्ले की महिला सभासद बीते छह जुलाई को लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन अभी तक सभासद का पता नहीं चल सका। पुलिस इस मामले में गुमशुदगी दर्ज कर चुकी है। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के साथ कई सभासद कोतवाली पहुंचे।उन्होंने सीओ आलोक सिंह को पत्र सौंपकर लापता महिला सभासद की बरामदगी की मांग की। उन्होंने कहा कि नगर पालिका बोर्ड से संबंधित कई कर प्रभावित हो रहे हैं। सीओ ने चेयरमैन और सभासदों को महिला सभासद के जल्द बरामद करने का आश्वासन दिया।

### हादसे की एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर।** नगर के छेदालाल कॉलोनी के रहने वाले संजय कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता 27 जून को कॉलोनी में ही स्थित पुलिया के पास खड़े हुए थे। इस बीच एकता नगर कॉलोनी का रहने वाला रवि बाइक को लापरवाही से चलाते हुए आया और पिता को टक्कर मार दी। जिसमें पीड़ित के पिता गंभीर रुप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी बीसलपुर से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवक को पीटकर किया घायल

**बीसलपुर।** क्षेत्र के ग्राम अमृताखास के सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार को अमृता चौराहे पर अपनी दुकान पर गए थे। गांव के ही तीन लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते आकर झगड़ा करने लगे। गाली गलौज का विरोध करने पर हमला करके पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वायरल वीडियो पर प्राचार्य ने दी सफाई

शाहजहांपुर। अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उनको मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी स्ट्रेचर पर अस्पताल के बाहर ले जा रहे है। इस वीडियो की वास्तविकता जाने बगैर अलग-अलग सोशल मीडिया पर प्लेटफार्म पर प्रसारित किया जा रहा है। क्योंकि अस्पताल में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। अस्पताल की बिजली काट दी गई थी। यहां इलाज हो पाना संभव नहीं था। डीएम के निर्देश के बाद सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकलवाना पड़ा था। मरीज को बाहर निकलवाते समय गिर जाने से उनके पैर में चोट लग गयी थी क्योंकि वह डायबिटीज के मरीज है। गंदे पानी से चोट में इंफेक्शन का खतरा था इसलिए कर्मचारियों ने स्ट्रेचर से सुरक्षित निकालने की बात कही। पानी भरा होने के कारण एंबुलेंस अंदर नहीं आ पा रही थी। इस वीडियो को गलत ढंग से पेश किया गया है।

# फसल को हुए नुकसान का आंकलन शुरू

संवाददाता,कलीनगर

**अमृत विचारः** पिछले दिनों बारिश और बाढ़ के बाद जहां घरों में पानी भर गया था। वहीं सड़कें और पुल भी बह गए थे। इतना ही नहीं खेत पूरी तरह से बाढ़ के पानी से जलमग्न हो गए। कई दिनों तक खेतों में पानी भरा रहा। बारिश रुकने के बाद जलभराव कम होने पर अब किसानों की सफल को हुए नुकसान को लेकर टीम बनाकर एसडीएम की निगरानी में सर्वे किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बीते दिनों जनपद के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर चुके हैं। जिसके बाद जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की ओर से समस्त तहसीलों में एसडीएम की जिम्मेदारी तय की गई है।


कलीनगर तहसील क्षेत्र में फसलों के नुकसान का सर्वे करने पहुंची टीम। ● अमृत विचार

एसडीएम राजस्व टीम के साथ गांव-गांव पहुंचकर नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं। कलीनगर एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने टीम के साथ कई गांव पहुंचकर खेतों में फसलों का हाल देखा। किसानों से संवाद कर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है।

# आग लगाकर फूंक दी झोपड़ी और पेड़

**पूरनपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास के रहने वाले नन्हेंलाल पुत्र होरीलाल की मौजा भगवंतापुर त कुलवागाढ़ा में कृषि जमीन है। जमीन पर भूसे के दो गूंगे, और झोपड़ी पड़ी है। झोपड़ी में उपले का ढेर, जलोनी लकड़ी, चारपाई आदि रखे हुए थे। पास में ही आम और शीशम के पेड़ भी लगे हुए हैं। आरोप है 22 जुलाई को गांव के ही ईश्वरी प्रसाद और सियाराम ने खेत पर पड़ी झोपड़ी और गूंगे में आग लगा दी। जिससे लगभग एक लाख 25 हजार रुपए का नुकसान हो गया। पड़ोसी काश्तकार ने फायर ब्रिगेड बुलाकर आग बुझाई। नन्हेंलाल का आरोप है कि रंजिश के चलते दोनों आरोपियों ने उन्हें नुकसान पहुंचाया है। वह लगातार धमकी भी दे रहे हैं।

# पलिया विधायक के खिलाफ व्हाट्सएप पोस्ट, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, पलिया कलां

13 साल से समाजसेवा कर रहा हूं। हर जरूरतमंद की मदद करता हूं। व्हाट्सएप ग्रुप पर पोस्ट कर खनन के नाम पर बदनाम करने की साजिश है। खनन तो बहुत दूर की बात है, मैं अपना वेतन तक नहीं लेता हूं।
**–रोमी साहनी**, विधायक पलिया

**अमृत विचार :** पलिया विधायक रोमी साहनी के प्रतिनिधि ने व्हाट्सएप पर डाली गई पोस्टों को भ्रामक बताकर विधायक को बदनाम करने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना हैदराबाद के गांव मुरादपुर निवासी रामसरन ने तहरीर दी कि वह पलिया विधायक रोमी साहनी के प्रतिनिधि हैं। कुछ लोग विधायक के खिलाफ भ्रामक व अनर्गल दुष्प्रचार कर रहे हैं। शनिवार को व्हाट्सएप ग्रुप भारतीय सिख संगठन पलिया पर ट्रांस शारदा क्षेत्र में खनन को लेकर एक पोस्ट की गई। जिसमें कहा गया कि विधायक रोमी साहनी ने अवैध खनन कराया है। सीतापुर, लखीमपुर, पीलीभीत, बरेली, शाहजहांपुर जिले में बालू की सप्लाई की गई है। लाखों डंपर बालू निकाला गया। इस कारण शारदा का रुख पलिया की तरफ हो गया गया है। विधायक रोमी साहनी पलिया के लिए अभिशाप बनके आए हैं। वर्तमान में पलिया के अधिकतर क्षेत्र बाढ़ग्रस्त हैं, जिससेजनता त्रस्त हैं। ऐसी स्थिति में ऐसा झूठा एवं भ्रामक पोस्ट करना सरकार की विश्वसनीयता प्रश्नचिन्ह लगता है। उनकी तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामचंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क पर कीचड़ व जलभराव से बच्चे परेशान

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** शारदा पार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहन-सहन के अलावा बच्चों की पढ़ाई व्यवस्था भी पूरी तरह चौपट हो गई है। अधिकांश स्कूलों के परिसर में कीचड़ और जलभराव है। करीब दस स्कूलों तक पहुंचने के रास्ता न होने से वह बंद है।

सप्ताह और पहले आई बाढ़ में शारदा के पार रहने वाले लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित कर दी है। लोगों के सामने रहने के अलावा खाने-पीने की परेशानी खड़ी हो गई थी। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में शिक्षण कार्य पूरी तरह से


प्राथमिक विद्यालय टिब्बा पंजाब घाट में जलभराव। ● अमृत विचार

प्रभावित हो गया है। शारदा नदी का जलस्तर कम होने के बावजूद कई प्राथमिक और जूनियर स्कूल परिसर में अभी भी कीचड़ युक्त जलभराव है। इसके चलते बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। परिसर में अभी भी पानी भरा हुआ है। शारदा पार के टिब्बा पंजाब घाट, सिद्धनगर, राणप्रताप नगर सहित लगभग 10 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं जिन तक पहुंचाने का रास्ता कट गया

**● बरसात के बाद अभी तक नहीं खुल सके 10 स्कूलों के ताले**

है। पानी की तेज धार चल रही है। शिक्षक स्कूलों तक नहीं पहुंच पाते। पिछले एक सप्ताह से आवागमन का मार्ग न होने से 10 स्कूलों में ताले लगे हुए हैं। शिक्षण कार्य पूरी तरह से बंद है। इससे शिक्षा का संकट गहरा गया है। भले ही बाढ़ का प्रकोप इस क्षेत्र में कम हो गया हो लेकिन शिक्षा व्यवस्था अभी भी पटरी पर नहीं लौट सकी है। खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शारदा पार लगभग 35 स्कूल है। 10 स्कूलों तक पहुंचने का रास्ता भी नहीं खुल सका है। शेष स्कूल खुल रहे हैं। उनमें शिक्षक भी पहुंच रहे हैं।


**कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर बरेली मण्डल बरेली-243001**

पत्रांक : ए/एनपीएस-लाइट डाक अदालत/2024 बरेली **सूचना** दिनांक : 12.07.2024

**NPS/NPS Lite (GDS) मामलों के निपटारे हेतु अदालत एवं NPS/NPS Lite (GDS) Subscribers जागरुकता शिविर**

डाक विभाग, भारत सरकार, बरेली मण्डल बरेली के अंतर्गत आने वाले NPS/NPS Lite (GDS) Subscribers को सूचित किया जाता है कि NPS/NPS Lite (GDS) से संबंधित सभी लंबित मामलों के निस्तारण हेतु मंडलीय कार्यालय बरेली में निम्न दिनांकों को NPS/NPS Lite (GDS) अदालत एवं Subscribers जागरुकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है :-

| दिनांक | समय | कार्यालय |
|---|---|---|
| 18.07.2024 | प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक | कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर बरेली मण्डल बरेली |

इस अदालत में NPS/NPS Lite (GDS) से संबंधित सभी लंबित/विवादित मामलों (कानूनी तथा नीतिगत संबंधित मामलों एवं न्यायालयधीन मामलों को छोड़कर) को उसी समय निस्तारण किया जायेगा। NPS/NPS Lite(GDS) अदालत एवं Subscribers जागरुकता शिविर में निम्नलिखित मुद्दों को निस्तारण किया जाएगा।

- सेवानृवित्त NPS/NPS Lite (GDS) Subscribers जिनका NPS/NPS Lite Wealth का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है, व्यक्तिगत रूप से सभी आवश्यक कागजातों (आधार, पैन, Cancelled Cheque/Passbook/Bank Statement, Photo etc.) के साथ उपस्थित होकर संबंधित फार्म भरा सकते हैं।
- NPS/NPS Lite Serving Employee का CSRF Form उसी समय भराया जायेगा। (आधार, पैन, Cancelled Cheque/Passbook/Bank Statement, 2-Photo साथ लेकर आएं)
- इसके अलावा Duplicate Mobile, Duplicate e-mail, Missing Nomination, Missing Mobile No. & Missing PAN Details को कराने के लिए संबंधित फार्म उसी समय भराया जाएगा।

इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर बरेली मण्डल बरेली के ई-मेल: dobareilly.up@indiapost.gov.in एवं मो.नं. 05812427079 पर संपर्क कर सकते हैं या अपने कागजात मण्डलीय कार्यालय बरेली में जमा करा सकते हैं।

**प्रवर अधीक्षक डाकघर**
**बरेली मण्डल बरेली-243001**

